रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED No. D. (D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 2] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 10, 1981/पौष 20, 1902

No. 2] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 10, 1981/PAUSA 20, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 19 मार्च, 1980

(आय-कर)

का० आ० 84—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा (2) (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "गुरुद्वारा श्री हेमकुण्ड साहिब, चमोली, उत्तर प्रदेश " को, उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 3218 (फा० सं० 176/10/79-आ०क० I)]

बी० एम० सिंह, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 19th March, 1980

(INCOME TAX)

S.O 84.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) (b) of Section 80G of the Income tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Government hereby notifies Gurudwara Shri Hemkunt Sahib Chamoli, Uttar Pradesh, to be a place of public worship of renown throughout the State of Uttar Pradesh for the purposes of the said Section.

[No 3218 (F No 176/10/79 IT AI)]

B M SINGH, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1980

का० आ० 85—राष्ट्रीयकृत बैंक प्रबंध और प्रकीर्ण (उपबंध) स्कीम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अशोक नारायण के स्थान पर वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री डी० आर० मेहता को एतद्द्वारा इलाहाबाद बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/1/80- बी० ओ० I)]

च० रा० मीरचन्दानी उप सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi the 23rd December, 1980

S.O. 85.—In pursuance of sub clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri D R Mehta, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division),

New Delhi as a Director of the Allahabad Bank vice Shri Ashok Narayan.

[No. F. 9/1/80-BO.I]

C. W. MIRCHANDANI, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 1980

का० आ० 86.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबंध 9 नवम्बर, 1981 तक हिन्दुस्तान कमर्शियल बैंक लि० कानपुर, पर उसके द्वारा अचल संपत्ति अर्थात् मोहितगांसगंज, इलाहाबाद में मकान नं० 116/377 की धारिता के संबंध में लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15 (41)/80 बी० ओ०III)]

एन० डी० बत्रा, अवर सचिव

New Delhi, the 24th December, 1980

S.O. 86.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provision of Section 9 of the said Act shall not apply till the 9th November, 1981 to the Hindustan Commercial Bank Ltd., Kanpur in respect of the immovable property viz. a house No. 116/377 held by it at Mohitshansganj, Allahabad.

[No. 15(41)/80-B.O.III]

N. D. BATRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1980

का० आ० 87.—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) के खंड (क) और उपधारा (2) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एन० एन० पै को 1 जनवरी, 1981 से आरम्भ होने वाली तथा 31 दिसम्बर, 1983 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/30/80-बी० ओ० I(1)],

New Delhi, the 26th December, 1980

S.O. 87.—In pursuance of clause (a) of sub-section (1) and of sub-section (2) of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby appoints Shri N. N. Pai as the Managing Director of the Industrial Development Bank of India for the period commencing on the 1st January, 1981 and ending with the 31st December, 1983.

[No. F. 9/30/80-BO.I(1)]

का० आ० 88.—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम 1964 (1964 का 18) की धारा 6 की उपधारा (1) खण्ड (क) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री एन० एन० पै को, जो कि 1 जनवरी, 1981 से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किए गये है, उसी तारीख से औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक मण्डल का अध्यक्ष नियुक्त करती है।

[सं० 9/30/80-बी० ओ०-I(2)]

बलदेव सिंह, संयुक्त सचिव

S.O. 88.—In pursuance of clause (a) of sub-section (1) of section 6 of the Industrial Development Bank of India Act, 1964 (18 of 1964), the Central Government hereby appoints Shri N. N. Pai who has been appointed as the Managing Director of the Industrial Development Bank of India with effect from the 1st January, 1981, to be the Chairman of the Board of Directors of the Industrial Development Bank of India with effect from the same date.

[No. F. 9/30/80-BO.I(2)]

BALDEV SINGH, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1980

का० आ० 89.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिशों पर, एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना की तारीख से आरम्भ होकर तथा 30 जून, 1982 को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान—

(क) उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के खंड (ग) के उपखंड (i) और (ii) के उपबन्ध इण्डियन ओवरसीज बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे, जहां तक वे उपबन्ध उक्त बैंक का प्रबंध इसके अध्यक्ष द्वारा किये जाने पर इस कारण प्रतिबंध लगाते हैं कि वह कृषि वित्त निगम, लिमिटेड के निदेशक हैं जो कि कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अन्तर्गत पंजीकृत एक कम्पनी है, तथा

(ख) उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (3) के उपबंध उपर्युक्त बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे, जहां तक ये उपबंध उक्त बैंक के कृषि वित्त निगम लिमिटेड का शेयर धारिता पर पाबन्दी लगाते है।

[संख्या, 10(51)/80-ए० सी०)]

दिनेश चन्द्र, निदेशक

New Delhi, the 26th December, 1980

S.O. 89.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulations Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendations of the Reserve Bank of India, hereby declares that during the period commencing from the date of this notification and ending with 30th June, 1982—

(a) the provisions of sub-clauses (i) and (ii) of clause (c) of sub-section (1) of section 10 of the said Act shall not apply to the Indian Overseas Bank insofar as the said provisions prohibit the said bank from being managed by its Chairman by reason of his being a director of the Agricultural Finance Corporation Ltd., a company registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956), and

(b) the provisions of sub-section (3) of section 19 of the said Act shall not apply to the said bank insofar as the said provisions prohibit, the said bank from holding shares in the said Agricultural Finance Corporation Ltd

[No. 10(51)/80-AC]

DINESH CHANDRA, Director

वाणिज्य मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

नई दिल्ली, 1 जनवरी, 1981.

का० आ० 90.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 3 के साथ पठित निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा

निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, 1 जनवरी, 1981 से एक वर्ष की अवधि के लिए श्री पी० के० कौल, वाणिज्य सचिव, वाणिज्य मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) को निर्यात निरीक्षण परिषद् के अध्यक्ष के रूप में तथा निम्नलिखित को सदस्यों के रूप में एतद्द्वारा नियुक्त करती है :—

1. निदेशक, निरीक्षण तथा क्वालिटी नियंत्रण, निर्यात निरीक्षण परिषद्, नई दिल्ली—सदस्य सचिव।
2. महानिदेशक, भारतीय मानक संस्थान, नई दिल्ली।
3. भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार।
4. महा निदेशक, वाणिज्यिक जानकारी तथा सांख्यिकी, कलकत्ता।
5. सचिव (तकनीकी विकास) उद्योग मंत्रालय।
6. मुख्य नियंत्रक आयात और निर्यात, वाणिज्य मंत्रालय (वाणिज्य विभाग)
7. अध्यक्ष लघु उद्योग संघ फैडरेशन।
8. अध्यक्ष, समुद्री खाद्य निर्यातक संघ, कोचीन।
9. अध्यक्ष, चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद्, मद्रास।
10. अध्यक्ष, इंडियन जूट मिल्स एसोसियेशन।
11. विकास आयुक्त, लघु उद्योग।
12. कार्यकारी निदेशक, इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद्।
13. माइसोडेट प्रा० लि० बंगलौर, (मद्रास, विजयवाडा, विशाखापत्तनम)
14. मैसर्स डा० रमन सी० अमीन के डा० रमन सी अमीन, बम्बई।
15. उद्योग निदेशक, पंजाब सरकार।

[फा० सं० 3 (94)/75-ई० आई० एण्ड ई० पी०]

MINISTRY OF COMMERCE

(Deptt. of Commerce)

New Delhi, the 1st January, 1981

S.O. 90.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) read with Rule 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, the Central Government hereby appoints Shri P. K. Kaul, Commerce Secretary, Ministry of Commerce (Department of Commerce) as Chairman and nominates the following as Members of the Export Inspection Council for a period of one year with effect from 1st January, 1981 :—

1. Director of Inspection and Quality Control, Export Inspection Council, New Delhi—Member Secretary.
2. Director General of Indian Standards Institution, New Delhi.
3. Agricultural Marketing Adviser of the Government of India.
4. Director General of Commercial Intelligence and Statistics, Calcutta.
5. Secretary (Technical Development), Ministry of Industry, New Delhi.
6. Chief Controller of Imports & Exports, Ministry of Commerce (Department of Commerce) New Delhi.
7. President, Federation of Association of Small Industries.
8. President, Seafood Exporters Association, Cochin.
9. Chairman, Leather Export Promotion Council, Madras.
10. Chairman Indian Jute Mills Association.
11. Development Commissioner, Small Scale Industries.
12. Executive Director, Engineering Export Promotion Council.
13. Mysodet Pvt. Ltd. Bangalore, (Madras, Vijayawada, Visakhapatnam).
14. Dr. Raman C. Amin of M/s. Dr. Raman C. Amin Bombay.
15. Director of Industries, Govt. of Punjab.

[F. No. 3(94)/75-EI&EP]

आदेश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1981

का० आ० 91.—भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए अल्ट्रामेरीन नील का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण करने के लिए कतिपय प्रस्ताव निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 3543 तारीख 20 अक्तूबर, 1979 के अधीन भारत के राजपत्र भाग—II खंड—3, उपखंड (ii) तारीख 20 अक्तूबर, 1979 में प्रकाशित किए गए थे ;

उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 25 अक्तूबर 1979 को उपलब्ध करा दी गई थीं ;

उन सभी व्यक्तियों से जिनके उक्त प्रभावित होने की संभावना थी 4 दिसम्बर, 1979 तक आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे ;

उक्त प्रारूप पर जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है ।

अतः, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और निर्यात निरीक्षण परिषद् से परामर्श करने के पश्चात् केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि उक्त अधिनियम के अनुसरण में और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० 2196 तारीख 2 जुलाई, 1977 को अधिक्रान्त करते हुए, भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है इसके द्वारा :—

(1) अधिसूचित करती है कि अल्ट्रामैरीन नील का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा ;

(2) (क) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानक और निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानकों को ;

(ख) संविदात्मक विनिर्देशों को इस शर्त के अधीन कि उत्पाद इस आदेश के उपाबंध में विनिर्दिष्ट न्यूनतम विशेषताओं को पूरा करता है,

(ग) विदेशी क्रेता और निर्यात कर्ता के बीच निर्यात संविदा के सहमत विनिर्देशों को निर्यात कर्ता द्वारा घोषित विनिर्देशों को ऐसी निर्यात संविदाओं के लिए जिनकी पुष्टि आदेश के राजपत्र में प्रकाशन के पूर्व की जाती है और निर्यात उस तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर किया जाता है :

अल्ट्रामैरीन नील के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देती है।

टिप्पण :

(1) जब निर्यात संविदा में विस्तृत तकनीकी अपेक्षाओं का वर्णन नहीं होता या केवल नमूनों पर आधारित होती है तो निर्यात कर्ता को लिखित रूप में विनिर्देश प्रस्तुत करने चाहिए ।

(2) परीक्षण की पद्धतियां राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होंगी ।

(3) अल्ट्रामैरीन नील के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1981 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण

के प्रकार को क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करती है जो उनके निर्यात से पूर्व ऐसे अल्ट्रामैरीन नील पर लागू किया जाएगा,

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान अल्ट्रामैरीन नील के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करती है जब तक उसके साथ निर्यात क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण (अधिनियम, 1963) 1963 का 22 की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किसी अभिकरण के द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि अल्ट्रामैरीन नील क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करता है तथा अल्ट्रामैरीन नील निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1980 के अनुसार निर्यात योग्य है।

2. इस आदेश की कोई भी बात (क) भावी क्रेताओं को भूमि, समुद्र या वायु मार्ग, द्वारा अल्ट्रामैरीन नील (1 कि० ग्रा० से अधिक नहीं) के वास्तविक नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी।

(ख) अल्ट्रामैरीन नील के ऐसे परेषणों को लागू नहीं होगी जो इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तुरन्त पूर्व निर्यात कर्ता या विनिर्माता के परिसरों से पहले ही जा चुके हैं।

3. इस आदेश में 'अल्ट्रामैरीन नील' से निम्नलिखित प्रकारों में से किसी या प्रकार का अल्ट्रामैरीन नील अभिप्रेत है, अर्थात् :—

(क) अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी)

(ख) अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी)

4. यह आदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा।

उपाबंध

(क) तकनीकी श्रेणी के अल्ट्रामैरीन नील के लिए विनिर्देश

1. अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी) चूर्ण के रूप में या ऐसी दशा में होगा कि बेधार चाकू से पीसे बिना ही संदलन द्वारा उसका चूर्ण बन जाए।

2. सामग्री में कोई दृश्य अशुद्धि, कार्बनिक रंजक या किसी प्रकार का डाइल्यूटेंट नहीं होगा।

3. सामग्री एक समान विशेषता की होगी तथा प्रवर्ण रूप से सोडियम, एल्यूमिनियम, सिलिकोन, गन्धक तथा आक्सीजन के सम्मिश्रण से बनी होगी।

4. अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी) का रंग, हल्का चमकापन, अभिरंजन क्षमता तथा निर्यात कर्ता तथा विदेशी क्रेता में सहमत तय हुए विनिर्देशों से निम्न स्तर का नहीं होगा।

5. पहचान परीक्षण—लगभग—0.1 ग्राम सामग्री को 1.1 (वी 1 वी) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ एक परख नली में हल्का गर्म करें। सामग्री अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी वर्ग) तो मानी जाएगी यदि हाइड्रोजन सल्फाइड गैस के विमोचन के साथ-साथ रंग पूर्णतः नष्ट हो जाता है भिगोये हुए लेड ऐसीटेट कागज की पट्टी, को परख नली के ऊपर पकड़ रखने से यदि पट्टी इसके विशिष्ट भूरी रंग की हो जाती है तो इससे उसकी पहचान हो जाएगी। इस प्रक्रिया के पश्चात् भी कोई रंग शेष रह जाता है तो यह समझा जा सकता है कि कोई रंग आद्यवर्णक विद्यमान है।

6. सामग्री नीचे सारणी में दी गयी अपेक्षाओं के भी अनुरूप होगी—

सारणी

क्रम सं०	विशेषताएं	तकनीकी श्रेणी
(1)	अघुलनशील पदार्थ का अधिकतम प्रतिशत भार के अनुसार	1.0
(2)	छानने पर (63 माइक्रोन भा० मा० जाली) अवशेष का प्रतिशत (भार के अनुसार)	0.5
(3)	तेल अवशोषण	40 से 50 (तथापि वह इस विनिर्देश के अनुसार अनुमोदित नमूने के 5 प्रतिशत के भीतर होगा)
(4)	जल में घुलनशील पदार्थ का अधिकतम प्रतिशत (भार के अनुसार)	
(5)	क्षारता (यथा एन ए2 सी ओ 3) का अधिकतम प्रतिशत भार के अनुसार)	0.15
(6)	घुलनशील कार्बनिक रंजक पदार्थ	शून्य

ख. अल्ट्रामैरीन नील धुलाई श्रेणी के लिए विनिर्देश :-

1. अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी), चूर्ण के रूप में या ऐसी दशा में होगा कि बेधार चाकू से पीसे बिना ही संदलन द्वारा उसका चूर्ण बन जाए।

2. सामग्री एक समान विशेषता की होगी, तथा उसमें या तो केवल अल्ट्रामैरीन (सोडियम, एल्यूमिनियम, सिलिकोन, गन्धक और आक्सीजन का सम्मिश्रण) होगा या विदेशी क्रेता द्वारा यथा अपेक्षित क्वालिटी के अनुकूल बनाने के लिए वह फिलर युक्त होगा।

3. सामग्री की रंग आभा, अनुमोदित नमूने के निकटतम अनुरूप होगी।

4. सामग्री की पानी में घुलनशीलता, अनुमोदित नमूने के निकटतम अनुरूप होगी।

5. सामग्री के घोल में भिगोये गए कपड़े पर आई सफेदी निकटतम उसी प्रकार की होगी जो अनुमोदित नमूने में उसी प्रकार भिगोए गए कपड़े पर है।

[सं० 6(40)/72-नि० नि० तथा नि०उ०]

ORDER

New Delhi, the 10th January, 1981

S.O. 91.—Whereas for the deelopment of the export trade of India, certain proposals for subjecting Ultramarine Blue to Quality Control and Inspection prior to export, were published as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 in the Gazette of India Part II-Section 3-Sub-section (ii), dated the 20th October, 1979, under the Order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 3543, dated the 20th October, 1979;

And whereas the copies of the said Gazette were made available to the public on the 25th October, 1979;

And whereas the objections and suggestions were invited till the 4th December 1979 from all persons likely to be affected thereby;

And whereas the objection and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act. 1963 (22 of 1963), the Central Government after consulting

the Export Inspection Council, being of opinion that in pursuance of the said sub-rule and in supersession of the Order of the Government of India, in the Ministry of Commerce No. S.O. 2196 dated 2nd July, 1977, it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India hereby;—

(1) notifies that the ultramarine blue shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) Recognises—

(a) National and International standards and standards of other bodies recognised by Export Inspection Council;

(b) Contractual specifications subject to the product satisfying the minimum of the characteristics specified in the Annexure to this Order; and

(c) The specifications declared by the exporter to be the agreed specifications of the export contract between the foreign buyer and the exporter, for such export contracts as are confirmed prior to the date of publication of the Order in the Official Gazette and exported within a period of sixty days from that date; as the standard specifications for ultramarine blue.

NOTE :

(i) When the export contract does not indicate detailed technical requirements or based only on samples, the exporter should furnish a written down specification.

(ii) Methods of tests will be as per National Standards.

(3) specification the type of quality control and inspection in accordance with the Export of Ultramarine Blue (Quality Control and Inspection) Rules, 1980, as the type of quality control and inspection which shall be applied to such ultramarine prior to their export ;

(4) prohibits the export in the course of international trade of ultramarine blue, unless the same are accompanied by a certificate issued by an agency established by the Central Government under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that ultramarine blue satisfies the condition relating to the quality control and inspection and is exportworthy in accordance with he Export of Ultramarine Blue (Quality Control and Inspection) Rules, 1981.

2. Nothing in this Order shall apply to the export of:—

(a) bonafide samples of ultramarine blue (not exceeding 1 kg.) by land, sea or air to the prospective buyers.

(b) consignments of ultramarine blue which might have already left the premises of the exporter or manufacturer immediately prior to the date of publication of this Order in the Official Gazette.

3. In this order 'Ultramarine blue' shall mean the ultramarine blue of any or all of the following types, namely :—

(a) Ultramarine blue (Technical Grade)

(b) Ultramarine blue (Laundry Grade)

4. This Order shall come into force on the date of its publication in the official Gazette.

ANNEXURE

(8) Specifications for Ultramarine Blue, Technical Grade

1. The Ultramarine Blue (Technical Grade), shall be in the form of any powder or in such a condition that it may be reduced to the powder form by crushing without grinding action under a plette knife.

2 The material shall be free from any visible impurities, organic dyestuffs or substrate of any kind.

3. The material shall be of uniform character and shall consist solely of compounds of sodium, aluminium, silicen, sulphur and oxygen.

4. The colour, light fastness, staining power and tone of the Ultramarine blue (Technical Grade) shall not be inferior to the specifications, as agreed to between the exporter and the foreign buyer.

5. Identification Test—Warm gently approximately 0.1 gm. of the material with 1.1 (v/v) hydrochloric acid in a test tube. The material shall be identified as ultramarine blue.

(Technical Grade) if the colour is destroyed completely with the evolution of hydrogen sulphide gas, detected by its characteristic brown colouration appearing on a strip of moistened lead acetate paper held above the test tube. If a colour remains after this treatment, it may be interpreted that a foreign pigment is present.

6. The material shall also comply with the requirements given in the Table below :

TABLE

Sl. No.	Characteristics	Technical Grade
(i)	Voltile matter, percent by weight, Max.	1.0
(ii)	Residue on sieve (63-micron I.S. Sieve), percent by weight, Max.	0.5
(iii)	Oil absorption	40 to 50 (It shall be however within 5 percent of the simple approved against specification)
(iv)	Matter soluble in water, per cent by weight, Max.	2.0
(v)	Alkalinity (as No. 2 CO_3) per cent by weight, Max.	0.15
(vi)	Soluble organic colouring matter	absent

(b) Specification for Ultramarine Blue Laundry Grade

1. The Ultramarine blue (Laundry grade) shall be in the form of dry powder or in such a condition that it may be reduced to the powder form by crushing without grinding action under a palette knife.

2. The material shall be of uniform character and shall consist of ultramarine (compound of sodium, aluminium, silicon, sulpher and oxygen) either alone or mixed with a tiler required to match the quality as required by the foreign buyer.

3. The shade of colour of the material shall closely match to that of the approved sample.

4. The dispersibility of the material in water shall closely match to that of the approved sample.

5. The whiteness imparted to washed cloth by rinsing in a suspension of the material shall be a close-match to that of the cloth treated in an identical manner with the approved sample.

[No. 6(40)/72-EI&EP]

का०आ० 92.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अल्ट्रामैरीन नील (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1981 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं —इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ।

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 12 के अधीन कोचीन, मद्रास, कलकत्ता, मुम्बई और दिल्ली में स्थापित अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है,

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है,

(घ) "अल्ट्रामैरीन नील" से निम्नलिखित प्रकारों में से कोई एक या सभी अभिप्रेत है, अर्थात् —

(1) अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी)

(2) अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी)

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. निरीक्षण का आधार —निर्यात के लिए अल्ट्रामैरीन नील का निरीक्षण इस दृष्टि से किया जाएगा कि अल्ट्रामैरीन नील निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है या तो —

(क) यह सुनिश्चित करते हुए कि उत्पाद का विनिर्माण उपाबंध I में विनिर्दिष्ट उत्पादन के दौरान आवश्यक क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करते हुए किया गया है, या

(ख) उपाबंध II में विनिर्दिष्ट ढंग से किए गए निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर किया गया है ।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया —(1) अल्ट्रामैरीन नील के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता संविदात्मक विनिर्देशों का ब्यौरा देते हुए अभिकरण को लिखित रूप में सूचना देगा और ऐसी सूचना के साथ ही निर्यात संविदा या आदेश की एक प्रति भी देगा जिससे कि अभिकरण नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके ।

(2) इस बात के लिए निर्यात के लिए अल्ट्रामैरीन नील का, उपाबंध I में अधिकथित प्रक्रियागत क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग करके विनिर्माण किया गया है तथा इस प्रयोजन के लिए परिषद् द्वारा गठित परिषद्/विशेषज्ञों के पैनल के विनिर्माता यूनिट के बारे में यह निर्णय दिया है कि उसके पास प्रक्रियागत पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण अभ्यास की व्यवस्था है, निर्यातकर्ता उपनियम (1) में उल्लिखित सूचना के साथ एक घोषणा भी देगा कि निर्यात के लिए आशयित अल्ट्रामैरीन नील का विनिर्माण, उपाबंध I में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग करके किया गया है तथा परेषण इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है ।

(3) ऐसी प्रत्येक सूचना या घोषणा या दोनों की एक प्रति साथ ही साथ परिषद् के निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी एक को जो निरीक्षण के स्थान के निकटतम है भेजी जाएगी अर्थात् :—

मुख्य कार्यालय : निर्यात निरीक्षण परिषद्
'वर्ल्ड ट्रैड सेन्टर'
14/1-बी, एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल)
कलकत्ता- 1

क्षेत्रीय कार्यालय : निर्यात निरीक्षण परिषद्—
अमन चैम्बर्स,
113, महर्षि कार्वे रोड,
मुम्बई- 200004,
निर्यात निरीक्षण परिषद्,
मनोहर बिल्डिंग,
महात्मा गांधी रोड,
एरनाकुलम
कोचीन- 682001
निर्यात निरीक्षण परिषद्,
म्यूनिसिपल मार्केट बिल्डिंग,
3, सरस्वती मार्ग,
नई दिल्ली- 5 ।

(4) निर्यातकर्ता अभिकरण को परेषण पर लगाए जाने वाले पहचान चिन्ह भी देगा ।

(5) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना तथा उपनियम (2) के अधीन प्रत्येक घोषणा यदि कोई है विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम 7 दिन पहले दी जाएगी ।

(6) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना और उपनियम (2) के अधीन प्रत्येक घोषणा के प्राप्त होने पर, अभिकरण —

(क) अपना यह समाधान हो जाने पर कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान विनिर्माता ने, उत्पाद को, इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप, विनिर्मित करने के लिए उपाबंध I में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का तथा परिषद् द्वारा इस संबंध में जारी किए गए अनुदेशों का, यदि कोई है, पालन किया है, अभिकरण यह घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र जारी करेगा कि अल्ट्रामैरीन नील का परेषण निर्यात योग्य है । विनिर्माता के निर्यातकर्ता न होने की दशा में परेषण का भौतिकी सत्यापन किया जाएगा तथा यथा-आवश्यक ऐसा सत्यापन तथा निरीक्षण अभिकरण द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उपरोक्त शर्तों की पूर्ति हो गई है । अभिकरण तथापि निर्यात के लिए आशयित परेषणों में से कुछ की मौके पर जांच करेगा ;

(ख) जहां निर्यातकर्ता ने उपनियम (2) के अधीन यह घोषणा नहीं की है कि उपाबंध I में अधिकथित रूप में पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया गया है, अपना यह समाधान कर लेने पर कि अल्ट्रामैरीन नील का परेषण इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है, उपाबंध III में अधिकथित रूप में निरीक्षण/परीक्षण किए जाने के आधार पर या दोनों के आधार पर ऐसा निरीक्षण करने के सात दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए, प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि अल्ट्रामैरीन नील का परेषण निर्यात योग्य है,

परन्तु जहां अभिकरण का ऐसा समाधान नहीं होता है वहां वह उक्त सात दिन की अवधि के भीतर निर्यातकर्ता को यह घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार कर देगा कि अल्ट्रामैरीन नील का परेषण निर्यात योग्य नहीं है तथा ऐसे इंकार की सूचना, उसके कारणों सहित, निर्यातकर्ता को देगा ।

(7) विनिर्माता के निर्यातकर्ता न होने की दशा में उपनियम (6) (ख) के अधीन परेषण के निरीक्षण किए जाने की दशा में या दोनों दशाओं में अभिकरण, निरीक्षण की समाप्ति पर, परेषण में पैकेजों को इस ढंग से सील बंद करेगा कि वे सुनिश्चित किया जा सके कि सीलबंद पैकेजों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकेगा । परेषण के अस्वीकृत होने की दशा में, यदि निर्यातकर्ता चाहता है तो अभिकरण परेषण को सीलबंद नहीं करेगा परन्तु ऐसे मामलों में, निर्यातकर्ता ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा ।

5. निरीक्षण का स्थान —इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण (क) ऐसे उत्पादों के विनिर्माता के परिसरों पर या (ख) उस परिसर पर किया जाएगा जहां निर्यातकर्ता ने माल प्रस्तुत किया है परन्तु यह तब जबकि इस प्रयोजन के लिए वहां पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों ।

6. निरीक्षण फीस :—निर्यातकर्ता अभिकरण को ऐसे प्रत्येक परेषण के लिए पांच पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के प्रत्येक एक सौ रुपए के लिए चालीस

पैसे की दर से निरीक्षण फीस देगा किन्तु परेषण के लिए यह फीस कम से कम पचास रुपए होगा।]

7. अपील —(1) नियम 4 के उपनियम (6) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर, इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा। इस पैनल में कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात व्यक्ति होंगे।

(2) विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के दो तिहाई सदस्य गैर सरकारी सदस्य होंगे।

(3) विशेषज्ञों के पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) विशेषज्ञों के पैनल द्वारा अपील पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी।

8. निरसन अल्ट्रामैरीन नील निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण), नियम, 1977 का इसके द्वारा निरसन किया जाता है।

उपाबंध I

[नियम 3(क) के अधीन देखिए]

क्वालिटी नियंत्रण

विनिर्माता अल्ट्रामैरीन नील का क्वालिटी नियंत्रण उत्पादों के विनिर्माण परिरक्षण तथा पैकिंग के विभिन्न प्रक्रमो पर जो नीचे अधिकथित है तथा इससे संलग्न अनुसूची में दिए गए नियंत्रण स्तरों पर निम्नलिखित नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए सुनिश्चित किया जाएगा।

(i) क्रय और कच्ची सामग्री का नियंत्रण:—

(क) विनिर्माता प्रयुक्त की जाने वाली कच्ची सामग्री की विशेषताओं को समाविष्ट करते हुए क्रय विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) स्वीकृत परेषणो के साथ या तो क्रय विनिर्देशो की अपेक्षाओं की संपुष्टि करते हुए प्रदायकर्ता का परीक्षण और निरीक्षण प्रमाणपत्र होगा जिसमें क्रेता उपयुक्त परीक्षण या निरीक्षण प्रमाणपत्र की शुद्धता को सत्यापित करने के लिए किसी विशिष्ट प्रदायकर्ता के दस परेषणों में से कम से कम एक की या तो फैक्ट्री की प्रयोगशाला में या बाहरी प्रयोगशाला में या परीक्षण सदन में आकस्मिक जांच करेगा।

(ग) निरीक्षण या परीक्षण के लिए नमूनों का लिया जाना अभिलिखित अन्वेषण पर आधारित होगा।

(घ) निरीक्षण या परीक्षण किए जाने के पश्चात् स्वीकृत और अस्वीकृत सामग्री का पृथक्करण करने के लिए अस्वीकृत सामग्री का निपटान करने के लिए व्यवस्थित पद्धतियाँ अपनाई जाएंगी।

(ङ) पूर्वोक्त नियंत्रणों के संबन्ध मे विनिर्माता द्वारा पर्याप्त अभिलेख नियमित तथा व्यवस्थित रूप से रखे जाएगें।

(ii) प्रक्रिया नियंत्रण:—

(क) विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों के लिए विस्तृत प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देश में अधिकथित प्रक्रिया नियंत्रण के लिए पर्याप्त उपस्कर और यंत्रीकरण सुविधाएं उपलब्ध की जाएगी।

(ग) उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान प्रयुक्त नियंत्रण का सत्यापन संभव हो सके, यह सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माता पर्याप्त अभिलेख रखेगा।

(iii) उत्पाद नियंत्रण :—

(क) अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद की जांच के लिए या तो विनिर्माता के पास अपनी परीक्षण सुविधाएं होंगी या किसी अन्य ऐसे स्थान तक उसकी पहुंच होगी जहां ऐसी परीक्षण सुविधाएं है।

(ख) किए जाने वाले परीक्षण और निरीक्षण के लिए नमूनों का लिया जाना किसी अभिलिखित अन्वेषण पर आधारित होगा।

(ग) नमूने लिए जाने और किए गए परीक्षण के बारे में पर्याप्त अभिलेख नियमित और व्यवस्थित रूप मे रखा जाएगा।

(घ) उत्पाद की जांच करने के लिए नियंत्रण के न्यूनतम स्तर, अनुसूची में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

(iv) परिरक्षण नियंत्रण

भंडारकरण और अभिवहन दोनो के ही दौरान भली भांति परिरक्षित किया जाएगा।

(v) पैकिंग नियंत्रण :—

(क) उत्पाद की पैकिंग के लिए अनुसूची में दिए गए नियंत्रणो की तुष्टि की दृष्टि से पैकिंग विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

अनुसूची I

(1) अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी) के लिए नियंत्रण के स्तर

क्रम सं०	अपेक्षाएं	निर्देश	आवृत्ति
1	रंग	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
2	अभिरंजक चूर्ण और टोन	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
3.	वाष्पशील पदार्थ	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
4.	छानने पर अवशिष्ट	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
5	तेल अवशोषण	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
6.	क्षारीयता	अनुमोदित नमूना	प्रत्येक परेषण
7.	जल में घुलनशील पदार्थ (भार के अनुसार अधिकतम प्रतिशत)	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक

(2) पैकिंग के लिए नियंत्रण स्तर—

2.1 अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी) के प्रत्येक परेषण की क्षरणरोधिता, नमी से पर्याप्त बचाव और अभिवहन के दौरान ठीक बने रहने की बाबत जाच की जाएगी।

2.2 प्रत्येक पैकेज पर या उस पर लगाए गए लेबल पर निम्नलिखित का उल्लेख किया जाएगा अर्थात्:—

(क) सामग्री का नाम,

(ख) विनिर्माता का नाम तथा व्यापार चिन्ह, यदि कोई है ;

(ग) विनिर्माण का मास तथा वर्ष ,

(घ) सामग्री की मात्रा, और।

(ङ) संकेत मे बैच संख्याक या अन्यथा जिससे कि विनिर्माण बैच का अभिलेख से पता लगाया जा सके।

अनुसूची II

अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी) के लिए नियंत्रण स्तर

क्रम सं०	अपेक्षाएं	निर्देश	आवृत्ति
1	रंग आभा	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
2	जल में परिक्षेपणता	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक
3	नील किए गए कपड़े में सफेदी	अनुमोदित नमूना	प्रति बैच एक

2 पैकिंग के लिए नियंत्रण स्तर :—

2.1 अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी) के प्रत्येक परेषण की क्षरणरोधिता नमी से पर्याप्त बचाव और अभिवहन के दौरान ठीक बने रहने की बाबत जांच की जाएगी।

2.2 प्रत्येक पैकेज पर या उन पर लेबलकर निम्नलिखित का उल्लेख किया जाएगा, अर्थात :—

(क) सामग्री का नाम;
(ख) विनिर्माता का नाम और व्यापार चिन्ह, यदि कोई है;
(ग) विनिर्माण का मास तथा वर्ष;
(घ) सामग्री की मात्रा, और
(ङ) संकेत में बैच संख्यांक या अन्यथा जिससे कि विनिर्माण बैच का अभिलेख से पता लगाया जा सके।

उपाबंध II

1. परीक्षणानुसार निरीक्षण :—

1. अल्ट्रामैरीन नील के परीक्षण का, अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों से उसकी अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए, निरीक्षण और परीक्षण किया जाएगा।

2. नमूने लेने के बारे में संविदात्मक विनिर्देशों में विनिर्दिष्ट अनुबन्धों के अभाव में, नीचे दी गई सारणी में अधिकथित विनिर्देश लागू होंगे।

सारणी

नमूना लेने का मापदंड

लॉट आकार	नमूना आकार
29 तक	1
21 से 60 तक	2
61 से 150 तक	3
151 से 300 तक	4
301 से 500 तक	5
501 से 1000 तक	6
1001 से 1500 तक	7
1501 से 2000 तक	8
2001 से 3000 तक	9
3001 से 4000 तक	10
4001 से 6000 तक	11
6001 और उससे अधिक	12

टिप्पण :—लॉट :—किसी भी परेषण में, अल्ट्रामैरीन नील के एक ही श्रेणी और आकार के सभी पैकेजों से मिलकर एक लॉट बनेगा।

3. परीक्षण की पद्धतियां राष्ट्रीय मानक के अनुसार होंगी।

[सं 6(40)/72/नि० नि० तथा नि० उ०]

S.O. 92.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) the Central Government, hereby, makes the following rules, namely :—

1. Short title and commecement—(1) These rules may be called the Export of Ultramarine Blue (Quality Control and Inspection) Rules, 1981;

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection Act, 1963 (22 of 1963).
(b) "Agency" means any one of the agencies established under section 7 of the Act at Cochin, Madras, Calcutta, Bombay, and Delhi;
(c) "Council" means the Export Inspection Council established under section 3 of the Act;
(d) "Ultramarine Blue" means any or all of the following types, namely :—
(1) Ultramarine Blue (Technical Grade)
(2) Ultramarine Blue (Laundry Grade)
(e) "Schedule" means the Schedule appended to those rules.

3. Basis of inspection—Inspection of ultramarine blue for export shall be carried out with a view to seeing that the ultramarine blue conforms to the specifications recognised by the Central Government under section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) either,—

(a) by ensuring that the products have been manufactured by exercising necessary in process quality control as specified in Annexure-I,

(b) on the basis of inspection and testing carried out in the manner specified in Annexure-II.

4. Procedure of inspection—(1) An exporter intending to export a consignment of ultramarine blue shall give an intimation in writing to the agency furnishing therein details of the contractual specifications along with a copy of the export contract or order to enable the agency to carry out inspection in accordance with rule 3.

(2) For export of ultramarine blue manufactured by exercising adequate inprocess quality control as laid down in Annexure I and the manufacturing unit adjudged as having adequate inprocess quality control drills by the Council/Panel of experts constituted by the Council for this purpose, the exporter shall also submit along with the intimation mentioned in sub-rule (1) a declaration that the consignment of ultramarine blue intended for export has been manufactured by exercising adequate quality control as laid down in Annexure-I and that the consignment conforms to the standard specifications recognised for the purpose.

(3) A copy of each such intimation or declaration or both shall also be simultaneously endorsed to any of the following offices of the Council which is nearest to the place of inspection, namely :

Head office : Export Inspection Council, World Trade Centre, (14/1B, Ezra Street, (7th floor) Calcutta-1.

Regional offices Export Inspection Council, Aman Chamber, 113, M. Karve Road, Bombay–400 004.
Export Inspection Council, Manohar Buildings, Mahatma Gandhi Road, Ernakulam, Cochin–682 011.
Export Inspection Council, Municipal Market Building, 3, Saraswati Marg, Karol Bagh, New Delhi-5.

(4) The exporter shall also furnish to the agency the identification marks applied on the consignment.

(5) Every intimation under sub-rule (1) and declaration if any, under sub-rule (2) shall be given not less than 7 days prior to the despatch of the consignment from the manufacturers premises.

(6) On receipt of the intimation under sub-rule (1) and the declaration if any, under sub-rule (2), the agency

(a) On satisfying itself that during the proces of manufacture the manufacturer had exercised adequate quality control as laid down in Annexure I and followed the instructions, if any, issued by the Council in this regard to manufacture the product to conform to the standard specifications recognised for the purpose, shall within seven days issue a certificate declaring the consignment of ultramarine blue as export worthy In case where the manufacturer is not the exporter, however the consignment shall be physically verified and such verification and inspection as necessary shall be carried out by the agency to ensure that the above conditions are complied with. The Agency shall, however, conduct, spot checks of some of the consignments meant for export.

(b) In case where the exporter has not declared under sub-rule (2) that adequate quality control as laid down in Annexure I had been exercised, on satisfying itself that the consignment

of ultramarine blue conforms to the standards specification recognised for the purpose on the basis of inspection|testing carried out as laid down in Annexure II or on the basis of both shall within seven days of carrying out such inspection issue a certificate declaring the consignment of ultramarine blue as exportworthy

Provided that where the agency is not so satisfied, it shall within the said period of seven days refuse to issue a certificate to the exporter declaring the consignment of ultramarine blue as exportworthy and communicate such refusal to the exporter along with the reasons therefor.

(7) In cases where the manufacturer is not the exporter or the consignment is inspected under sub-rule (6) (b) or in both the cases, the agency shall immediately after completion of the inspection, seal the packages in the consignment in a manner as to ensure that the sealed packages can not be tampered with. In case of rejection of the consignment, if the exporter so desires, the consignment may not be sealed by the Agency, but in such cases, however, the exporter shall not be entitled to prefer any appeal against the rejection.

5. Place of Inspection.—Every inspection under these rules shall be carried out either (a) at the premises of the manufacturer of such product or (b) at the premises at which the goods are offered by the exporter provided adequate facilities for the purpose exist therein.

6. Inspection fee.—Subject to minimum of Rs. 50 for each consignment a fee at the rate of forty paise for every one hundred rupees of the FOB value for each such consignment shall be paid by the exporter to the agency as inspection fee.

7. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the Agency to issue a certificate under sub-rule (6) of rule 4, may within ten days of the receipt of communication of such refusal by, him, prefer an appeal to such panel of experts consisting of not less than three but not more than seven persons as may be constituted by the Central Government for the purpose.

(2) The panel of experts shall consist of at least two thirds of non-officials of the total membership of the panel of experts.

(3) The quorum for the panel of experts shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of by the panel of experts within fifteen days of it's receipt.

8. Repeal—The Export of Ultramarine Blue (Quality Control and Inspection) Rules, 1977 are hereby repeated.

ANNEXURE-I

(See under rule 3 (a))

Quality Control

The quality control of ultramarine blue shall be ensured by the manufacturer by effecting the following controls at different stages of manufacture, preservation and packing of products as laid down below together with the levels of control as set out in the Schedule appended hereto.

(i) Purchase and raw material control—

(a) Purchase specifications shall be laid down by the manufacturer incorporating the properties of raw materials to be used.

(b) Either the accepted consignments shall be accompanied by a supplier's test and inspection certificate corroborating the requirements of the purchase specifications in which case occasional checks shall be conducted at least once in 10 consignments by the purchaser for a particular supplier to verify the correctness of the aforesaid test or inspection either in the laboratory within the factory or in an outside laboratory or test house.

(c) The sampling for inspection or test to be carried out shall be based on the recorded investigations.

(d) After the inspection or test is carried out, systematic methods shall be adopted in segregating the accepted and rejected materials and for disposal of the rejected materials.

(e) Adequate records in respect of the aforesaid controls shall be regularly and systematically maintained by the manufacturer.

(ii) Process Control

(a) Detailed process specifications shall be laid down by the manufacturer for different stages of manufacture.

(b) Equipment and instrumentation facilities shall be adequate to control the processes as laid down in the process specification.

(c) Adequate records shall be maintained by the manufacturer to ensure the possibility of verifying the controls exercised during the process of manufacture.

(iii) Product Control

(a) The manufacturer shall have either his own testing facilities or shall have access to such testing facilities existing elsewhere to check up whether the product conforms to specifications recognised under section 6 of the Act.

(b) Sampling for test and inspection to be carried out shall be based on the recorded investigation.

(c) Adequate records in respect of sampling and test carried out shall be regularly and systematically maintained.

(d) The minimum levels of control to check the products shall be as specified in the Schedule.

(iv) Preservation Control.

The product shall be well preserved both during the storage and transit.

(v) Packing Control.

Packing specifications shall be laid down with a view to satisfying the controls as mentioned in the Schedule for packing of the products.

SCHEDULE I

(1) Levels of controls for ultramarine blue (Technical Grade)

Sl. No.	Requirement	Reference	Frequency
1.	Colour	Approved sample	One per batch
2.	Staining power and tone.	Approved sample	One per batch
3.	Volatile matter	Approved sample	One per batch
4.	Residue on sieve	Approved sample	One per batch
5.	Oil absorption	Approved sample	One per batch
6.	Alkalinity	Approved sample	One per batch
7.	Matter soluble in water, per cent by weight Max.	Approved sample	One per batch

(2) Levels of control for packing

2.1 Each consignment of ultramarine blue (technical grade) shall be checked for leakproofness, adequate protection against moistrue and handling during transist.

2.2 The following information shall be given on each package or the label applied to it namely :—

(a) Name of the material ;
(b) Manufacturer's name and trade mark, if any;
(c) Month and year of manufacture ;
(d) Quality of the material, and
(e) Batch number in code or otherwise to enable the batch of manufacture to be traced from records.

SCHEDULE—II

(1 Levels of control for ultramine blue (laundary grade)

Sl. No.	Requirement	Refernce	Ferequency
1.	Shade of colour	Approved sample	One per batch
2.	Dispersibility in Water	Approved sample	One per batch
4.	Whitness of the treated cloth	Approved sample	One per batch

(2) Levels of control for packing

2.1 Each consignment of ultramarine blue (laundry grade) shall be checked for leakproofness, adequate protection against moisture and handling during transit.

2.2 The following information shall be given in each package or the label applied to it :—

(a) Name of the material ;
(b) Manufacturer's name and trade mark, if any ;
(c) Month and year of manufacture ;
(d) Quantity of the material ; and
(e) Batch number in code or otherwise to enable the batch of manufacture to be traced from records.

ANNEXURE II

Consignmentwise inspection :—

1. The consignment of ultramarine blue shall be subjected to inspection and testing to ensure conformity of the same to the standard specifications recognised under section 6 of the Act.

2. In the absence of specific stipulation in the contractual specification as regards sampling criteria, the same laid down in Table given below shall be applicable.

TABLE

SCALE OF SAMPLING

Lot size	Sample Size
Upto 20	1
21 to 60	2
61 to 150	3
151 to 300	4
301 to 500	5
501 to 1000	6
1001 to 1500	7
1501 to 2000	8
2001 to 3000	9
3001 to 4000	10
4001 to 6000	11
6001 and above	12

Note :—In any consignment, all the packages containing the same grade and type of ultramarine blue shall be grouped together to constitute a lot.

3. Methods of test will be as per National Standard.

[No. 6(40)/72-FI & EP]

का० आ० 93.—केन्द्रीय सरकार निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र भाग-II, खंड-3, उप-खंड (ii) तारीख 29 अक्तूबर, 1977 में प्रकाशित भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 3358 को अधिक्रान्त करते हुए अल्ट्रामैरीन नील का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण करने के लिए निम्नलिखित अभिकरणों को मान्यता देती है, अर्थात् :—

1. निर्यात निरीक्षण अभिकरण-कलकत्ता,
'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर'
14/1-बी, एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल)
कलकत्ता-700001

2. निर्यात निरीक्षण अभिकरण-मद्रास,
123, माऊंट रोड,
मद्रास -600006

3 निर्यात निरीक्षण अभिकरण-मुम्बई,
अमन चैम्बर्स (चौथी मंजिल),
113, महर्षि कार्वे रोड,
मुम्बई, 400004

4 निर्यात निरीक्षण अभिकरण-कोचीन,
मनोहर बिल्डिंग
महात्मा गांधी रोड,
एरनाकुलम, कोचीन-11

5 निर्यात निरीक्षण अभिकरण दिल्ली,
म्युनिसिपल मार्केट बिल्डिंग,
3, सरस्वती मार्ग, करोल बाग,
नई दिल्ली-110005

स्पष्टीकरण.—इस अधिसूचना में "अल्ट्रामैरीन नील" से निम्नलिखित प्रकारों में से किसी या सभी प्रकार का अल्ट्रामैरीन नील अभिप्रेत है, अर्थात् :—

(क) अल्ट्रामैरीन नील (तकनीकी श्रेणी)

(ख) अल्ट्रामैरीन नील (धुलाई श्रेणी)

[सं० 6(40)/72-नि०नि० तथा नि०उ०]

सी०बी० कुकरेती, संयुक्त निदेशक

